प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 23 मई 2022। फ्यूमेनिक्स पेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को निजी रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज में पंजीकृत है, इसमें बिजनेस एक्टिविटी क्लास/क्लास कोड, डेटा बेस डेवलपमेंट, डेटा स्टोरेज और डेटा बेस उपलब्धता शामिल है तथा इस बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुल 03 (एमएस.सी. कीट विज्ञान) विद्यार्थियों को चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग प्रतिमाह पैकेज रू. 40.00 हजार प्रतिमाह तथा अन्य सुविधाएं प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

निदेशक संचार